तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट टीम बनी विजेता


11 खल्लारी आंगनबाडी केन्द्र में मनाया वजन त्योहार


## खबर संक्षेप

### सशिमं में सप्तशती संगम समापन कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17 फरवरी मंगलवार को सप्तशती संगम कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिया योगेश्वर राजू सन्हा उपस्थित रहेंगे।

### अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आज

**महासमुंद।** शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक 17 फरवरी 2026 को समय-सीमा बैठक के पश्चात जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह अध्यक्षता में होगी। बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीयन योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निराकरण एवं संबंधित एजेंसियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का वार्षिक सम्मेलन आज

**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बागबाहरा का वार्षिक सम्मेलन 17 फरवरी मंगलवार को महारानी वीरांगना दुर्गावती गोंडवाना धर्मशाला भवन मेला स्थल खल्लारी में आयोजित होगा। पेंशनधारी कल्याण संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से वार्षिक सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी पेंशनधारी कल्याण संघ के मीडिया प्रभारी राधेश्याम बागर्ती ने दी है।

# सिंचाई कर का 21 फीसदी वसूल हुआ किसानों से सिंचाई कर, 189 लाख शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के जल संसाधन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सिंचाई राजस्व वसूली की जानकारी दी है। विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अब तक कुल 50.46 लाख रुपये के राजस्व की वसूली की जा चुकी है। हालांकि, विभाग ने इस वर्ष के लिए 239.69 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जल संसाधन विभाग जिले में किसानों को खरीफ और रबी फसलों के लिए जलाशयों एवं नहरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है। इस सुविधा के बदले किसानों और अन्य उपभोक्ताओं से सिंचाई कर (जल कर) लिया जाता है। इस वर्ष के कुल लक्ष्य 239.69 लाख रुपये की तुलना में अब तक हुई 50.46 लाख रुपये की वसूली यह दर्शाती है कि विभाग ने अपने वार्षिक लक्ष्य का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त कर लिया है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले महीनों में इस वसूली अभियान में और तेजी आएगी।

## विभाग ने अपने वार्षिक लक्ष्य का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त कर लिया

### राजस्व का महत्व

सिंचाई से प्राप्त होने वाला यह राजस्व सरकारी खजाने में जमा होता है, जिसका उपयोग भविष्य में नहरों की मरम्मत, जलाशयों के रखरखाव और नई सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए किया जाता है। समय पर राजस्व जमा होने से विभाग को जल प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलती है।



### अधिकारियों की अपील

जल संसाधन विभाग ने जिले के किसानों और उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी सिंचाई कर की राशि समय पर जमा करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर भुगतान करने से किसी भी प्रकार के अतिरिक्त दंड या ब्याज से बचा जा सकता है। वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मैदानी अमले को निर्देश दिए गए हैं कि वे गांवों में जाकर संपर्क बढ़ाएं और लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करें।

## परीक्षा : सुरक्षित और पारदर्शी संचालन के लिए विभाग ने की तैयारी

# गोपनीय सामग्री का वितरण, 20 से होंगी बोर्ड परीक्षाएं, 23 हजार से अधिक देंगे एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं इस वर्ष 20 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। जिले में परीक्षाओं के सुरक्षित और पारदर्शी संचालन के लिए शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल (समन्वय केंद्र) में परीक्षा से जुड़ी गोपनीय सामग्री का वितरण किया गया।

जिले के सभी 115 केंद्रों के केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों ने यहां पहुंचकर प्रश्न-पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए। परीक्षा प्रभारी एनके सिन्हा के अनुसार, इन प्रश्न-पत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के 15 थानों और चौकियों में सुरक्षित रखा जाएगा। सामग्री पहुंचाने के लिए 13 विशेष बसों की व्यवस्था की गई है, जो पुलिस सुरक्षा में थानों तक भेजी जा रही हैं।



### नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल गठित

परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। निगरानी के लिए जिला स्तर पर 5 उड़नदस्ता दल और तहसील स्तर पर भी 5 उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। प्रत्येक दल में 4 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो परीक्षा के दौरान केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। इस बार बोर्ड परीक्षाएं पिछले वर्ष के मुकाबले 10 दिन पहले आयोजित की जा रही हैं।

### छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी

इस वर्ष जिले में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या पिछले साल की तुलना में बढ़ी है जिसमें कुल परीक्षार्थी 23, 563 हैं एवं पिछले वर्ष से 1, 889 अधिक हैं। कक्षा 10वीं 12, 839 छात्र वहीं कक्षा 12वीं 10, 724 छात्र परिक्षा में शामिल होंगें। जिले में कुल 115 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 113 केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूलों में और 2 केंद्र हाईस्कूलों में स्थित हैं। समन्वय केंद्र से वितरित की गई मुख्य सामग्रियों में सीलबंद प्रश्न-पत्र और मार्कशीट, उपस्थिति पत्रक और अभिरक्षा पंजी, चेकलिस्ट और परीक्षा टाइम-टेबल, महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश और चेतावनी पोस्टर शामिल हैं।

# पैतृक जमीन के हक के लिए भटक रहा झलप का बुजुर्ग

## ससुराल में रहने पर भाइयों ने हिस्सा देने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के झलप निवासी एक बुजुर्ग को अपनी ही पैतृक जमीन के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। मनीराम बिंझवार पिता भोगीलाल, जो मूल रूप से ग्राम झलप निवासी है, उन्होंने जिला कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। मनीराम का कहना है कि उनके परिवार के सदस्य उन्हें जमीन में हिस्सा देने से साफ मना कर रहे हैं। मनीराम बिंझवार पिछले 40 वर्षों से अपने ससुराल ग्राम खिरसाली में रह रहा है। हालांकि, पैतृक संपत्ति ग्राम झलप में स्थित है। जब मनीराम ने अपने भाइयों और परिवार से जमीन में अपना हिस्सा मांगा, तो विवाद शुरू हो गया। मनीराम के अनुसार, उनके परिवार के लोग अब उन्हें जमीन देने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब भी वे जमीन की बात करते हैं, तो उनके साथ गाली-गलौज की जाती है। परिवार के सदस्य उनसे कहते हैं कि अब तुम्हारा यहां कौन सा हिस्सा बचा है और उन्हें वहां से भगा दिया जाता है। लंबे समय तक पारिवारिक स्तर पर समाधान न निकलने के बाद, मनीराम ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया हैं कि झलप में स्थित पैतृक जमीन पर उनका कानूनी अधिकार है। सिर्फ दूसरे गांव में बस जाने से उनका जमीन पर हक खत्म नहीं होता। परिवार के सदस्यों द्वारा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। मनीराम ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी जमीन का सीमांकन कर उन्हें उनका उचित हिस्सा दिलाया जाए।

# राज्य के युवाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा राज्य के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एमओयू किया है। इस क्रम में सत्य सांई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट एवं द लांड्री बैग के साथ पृथक-पृथक समझौते संपादित किए गए हैं। सत्य सांई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के माध्यम से पात्र युवाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित एनएसक्यूएफ-अलाइन पाठ्यक्रमों में केवल आवासीय स्वरूप में निःशुल्क, व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद मूल्यांकन, प्रमाणीकरण एवं यथासंभव प्लेसमेंट के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इसी प्रकार द लांड्री बैग के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत लांड्री ऑपरेशन-स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम में केवल आवासीय एवं ऑन द जॉब ट्रेनिंग आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास, भोजन एवं आवश्यक सुविधाएं संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी तथा सफल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान की जाएगी। दोनों कार्यक्रमों के लिए प्रारंभिक पंजीयन संबंधित संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके आधार पर प्रारंभिक छंटनी की जाएगी और पात्र उम्मीदवारों से संस्था द्वारा सीधे संपर्क किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा जिला स्तर पर सहायक संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे पात्र एवं इच्छुक युवाओं की पहचान कर उन्हें इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दें तथा पंजीयन प्रक्रिया से जोड़ें। साथ ही प्रशिक्षण संबंधी सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए प्रारंभिक पंजीयन अनिवार्य है, प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। और प्रशिक्षण अवधि के दौरान संस्थान के नियमों एवं अनुशासन का पालन करना आवश्यक होगा।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कलेक्टर कार्यालय घेराव कल

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत 18 फरवरी 2026 (बुधवार) को कलेक्टर कार्यालय का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय महासमुंद से प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय तक होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व उमेश नंदकुमार पटेल (विधायक, खरसिया एवं पूर्व मंत्री), जिन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम का प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया गया है तथा द्वारिकाधीश यादव (विधायक खल्लारी एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस) करेंगे। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से वीबी –जीराम जी विधेयक को तत्काल वापस लेने एवं मनरेगा योजना को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर के माध्यम से शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवनरेखा है और इसके मूल स्वरूप से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी।

# खुद को पुलिस बताकर डराने वाला नकली पिस्टल के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो नकली पिस्टल दिखाकर लोगों पर धौंस जमा रहा था और खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता रहा था। यह घटना सांकरा थाना क्षेत्र की है, जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना रविवार, 15 फरवरी की दोपहर की है। ओडिशा निवासी हिमांशु साहू सांकरा स्थित शासकीय शराब दुकान पहुंचा। वहां उसने दुकान के मैनेजर, नेपाल, से बियर खरीदी और उसे कागज (पेपर) में लपेटकर देने को कहा। जब मैनेजर ने दुकान में पेपर उपलब्ध न होने की बात कही, तो हिमांशु साहू भड़क गया। विवाद बढ़ने पर हिमांशु ने अपने पास रखी एक पिस्टल निकाली और मैनेजर पर तान दी। उसने मैनेजर को धमकाते हुए कहा, मैं क्राइम ब्रांच का पुलिस वाला हूं। चुपचाप पेपर देते हो या गोली मार दूं। अचानक पिस्टल देखकर दुकान मैनेजर और वहां मौजूद लोग डर गए। मैनेजर ने बिना देरी किए तुरंत घटना की सूचना सांकरा पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल घेराबंदी शुरू की। मैनेजर द्वारा बताए गए हुलिए और जानकारी के आधार पर पुलिस ने कुछ ही समय में आरोपी हिमांशु साहू को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को पता चला कि आरोपी जिस पिस्टल से धमका रहा था, वह असली नहीं बल्कि पिस्टल के आकार का एक लाइटर था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से सामग्री जब्त की है जिसमें एक नग नकली पिस्टल (लाइटर), एक वीवो मोबाइल फोन एक बुलेट मोटरसाइकिल ओडी 17 एआर 9480 जिसकी कीमत लगभग 1,60,000 रुपये बताई जा रही है।



पुलिस ने आरोपी हिमांशु साहू पिताजितेन्द्र साहू जो कि ग्राम कूड़ाखाई, थाना मेच्छामुंडा, जिला बरगढ़ (ओडिशा) का निवासी है, के खिलाफ सांकरा थाने में अपराध क्रमांक 31/26 दर्ज किया है। आरोपी पर आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1)(ख) और बीएनएस की धारा 204 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

### वार्षिक सत्संग कल से

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 18-19 फरवरी को किया गया है। कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेन्द्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में श्री कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर मध्य प्रदेश के अमोही साहेब व कबीर आश्रम ढेठा के बलवान साहेब का अपनी संत मंडली के साथ आगमन हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ, संध्या वंदन, भजन प्रवचन होगा। 19 फरवरी की दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# वजन त्योहार शिविर में 169 बच्चों के पोषण की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार एवं कुपोषण को समाप्त करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 18 फरवरी तक वजन त्योहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहरी परियोजना अंतर्गत यतियतन लाल वार्ड में वजन त्योहार एवं विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद एवं पार्षद सुनैना ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका वजन एवं ऊंचाई मापी गई।

शिविर के दौरान उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नियमित वजन मापन से कुपोषण की पहचान समय पर की जा सकती है, जिससे बच्चों को बेहतर पोषण एवं देखभाल मिलती है। उन्होंने न्योता भोज को जनसमुदाय से जोड़ने की अपील करते हुए समाज की सहभागिता को आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे परिवार के पोषण स्तर में भी सुधार संभव है। शिविर में कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण आहार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा से जोड़ने की प्रक्रिया की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आयरन, कैल्शियम एवं अन्य पोषक तत्वों के सेवन की सलाह दी गई। वर्तमान में इस सेक्टर के केंद्रों में 0 से 5 वर्ष के 169 बच्चे, 40 किशोरियां एवं 32 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हैं। इस अवसर पर पालकों को बच्चों के लिए संतुलित आहार संबंधी आहार तालिका प्रदान कर खान-पान में सुधार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही हाथ धोने की आदत, स्वच्छता एवं नियमित टीकाकरण के महत्व पर भी जागरूक किया गया। जांच के उपरांत पालकों को बच्चों की पोषण रिपोर्ट की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि जीवन के शुरुआती 6 वर्ष बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक विकास की मजबूत नींव होते हैं। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी शैल नाविक, सुपरवाइजर शीला प्रधान के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राखी शर्मा सहित सहायिका, मितानिन, पालकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में 26-27 को तालाबंदी का ऐलान



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ संयुक्त मंच के आह्वान पर प्रदेश के 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में 26 और 27 फरवरी को कामबंद हड़ताल कर तालाबंदी की घोषणा की गई है।संघ पदाधिकारियों के अनुसार सहायिकाओं को मात्र 2250 रुपये और कार्यकर्ताओं को 4500 रुपये मानदेय मिलता है। पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा और चिकित्सा अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कठिन हो रहा है। अवकाश लेने पर मानदेय कटौती के आरोप भी लगाए गए हैं। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुधा रात्रे और जिला अध्यक्ष सुलेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कर्मियों से महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभागों के कार्य भी लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार सभाओं में भीड़ जुटाने जैसे कार्यों में भी उन्हें लगाया जाता है। पदाधिकारियों का कहना है, 'काम के समय हमें शासकीय कर्मचारियों से अधिक जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन अधिकार और सुरक्षा शून्य है।' संघ ने यह भी दावा किया कि वर्ष 2023 के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली प्रांतीय सचिव सुमन यादव को कथित रूप से कूट-रचित आरोपों में सेवा से पृथक किया गया, जबकि अपील में राहत मिलने के बावजूद बहाली लंबित है। इसी तरह पदाधिकारी कल्पना चंद का मामला भी अपील में लंबित बताया गया है। इन घटनाओं को लेकर प्रदेशभर में आक्रोश व्याप्त है। संघ के संस्थापक ने बताया कि 12 फरवरी को सरकार को ज्ञापन सौंपकर मांगों से अवगत कराया जा चुका है। आंदोलन को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण में 26-27 फरवरी को प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में कामबंद हड़ताल, धरना-रैली और प्रदर्शन किया जाएगा तथा कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 9 मार्च को रायपुर में विशाल प्रांतीय धरना और विधानसभा घेराव किया जाएगा।

## गुलाब बाड़ा बेमचा में प्रतिदिन कथा श्रवण करने उपस्थित हो रहे श्रद्धालु

# गृहस्थ जीवन में रहकर भगवान की भक्ति का बताया मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बेमचा के गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति व आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सैकड़ों श्रद्धालु भगवान के भजनों में झूमते नजर आए। दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज द्वारा प्रस्तुत भक्तिपूर्ण संगीतमय भजन 'जिसको जीवन में मिला सत्संग है, उसे हर घड़ी आनंद ही आनंद है' ने कथा पंडाल का वातावरण भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्र कथा का श्रवण महाराज ने श्रद्धालुओं को कराया। उन्होंने कहा कि ध्रुव जी बाल्यवस्था में कठोर तप करने चले गए। उनकी आयु कम थी, वे शिक्षा-दिक्षा ग्रहण नहीं कर पाए थे, उन्हें भगवान को किस नाम से पुकारना है, पता नहीं था। लेकिन, उनकी कोमल हृदय व सहजभक्ति से प्रसन्न होकर भगवान नारायण ने उन्हें हरि रूप में दर्शन दिया। हरि का अर्थ होता है, दुखों को हरने वाला। मानव के समस्त संताप, दुःखों को भगवान हरि नारायण हर लेते हैं। उन्होंने मानव को गृहस्थ जीवन में रहकर भगवान की भक्ति करने का मार्ग बताते हुए कहा कि सांसारिक जीवन में रहकर भी हम प्रभु भक्ति को प्राप्त कर सकते हैं। ध्रुव जी महाराज ने बाल्यवस्था में प्रभु का दर्शन प्राप्त किया।



उनकी भक्ति सभी के लिए एक प्रेरणा है, शिक्षा-दिक्षा के बिना केवल सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने से उनकी सहज भक्ति प्राप्त होती है। दाऊ स्व. गुलाब चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु भक्तों की संख्या बढ़ रही है। कथा पंडाल पर सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही। आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर सहित ग्राम बेमचा व महासमुंद के श्रोता बड़ी संख्या में कथा सुनने उपस्थित हुए।

**खबर संक्षेप**

## मुनि सुयश सागर का नगर प्रवेश, फाफाडीह में बहेगी धर्म की गंगा

रायपुर। सन्मति नगर दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर में पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनि सुयश सागर और मुनि कौशल्य सागर का रविवार शाम को मंगल प्रवेश हो गया है। जैन मंदिर प्रवेश के अवसर पर जैन समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि मुनि संघ पदविहार कर बलौदाबाजार, भाटापारा, नेवरा, सिमगा, सांकरा होते हुए सुबह ग्राम गिरोद स्थित जिनेंद्र कुमार, जयेश कुमार पाटनी के परिसर अहारचर्या के बाद विहार कर सायं 5.30 बजे मुनि संघ का प्रवेश फाफाडीह जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति में हुआ। इसी दौरान मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में कहा, जब जो मिलना है, वह निश्चित है। आप सभी के पुरुषार्थ चलते संपूर्ण रायपुर के समाज को धर्मलाभ मिलने जा रहा है।

## सिकलसेल मरीजों की विशेष ओपीडी आज से

रायपुर। आंबेडकर अस्पताल के बाल्य एवं शिशु रोग विभाग द्वारा सिकलसेल रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष दवाई वितरण, आवश्यक जांच तथा न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन के लिए 16 से 23 फरवरी तक विशेष ओपीडी आयोजित की जाएगी। इस दौरान सिकलसेल रोगियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की समुचित जांच कर परामर्श दिया जाएगा तथा अभिभावकों को रोग प्रबंधन, पोषण एवं संक्रमण से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अभिभावक, निर्धारित तिथियों में अपने बच्चों को शिविर में अवश्य लाएं, ताकि समय पर उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल सिकलसेल रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## धोबी समाज का महाधिवेशन परिचय सम्मेलन 22 को

रायपुर। बालोद जिले के आमदी स्थित पलारी में 22 फरवरी को धोबी समाज का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। अधिवेशन में विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय देकर अपना मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। साथ ही सामाजिक एकता और जागरूकता के लिए समाज के महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर हुआ पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक एवं हवन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद





महाशिवरात्रि पर्व पर विधायक कार्यालय परिसर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक सिन्हा परिवार सहित शामिल हुए। पुरोहितों द्वारा रुद्राभिषेक करवाया गया। इसके बाद हवन पूजन हुआ। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुगण इस रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हुए।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा श्रावण माह में एक माह रुद्राभिषेक व हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाता है। इसके अलावा कई अन्य मौकों पर भी रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन करवाया जाता है। इसी तारतम्य में रविवार को महाशिवरात्रि पर एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे से पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक शुरू हुआ। पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक करवाया गया। पूजन में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया। पश्चात हवन पूजन आरम्भ हुआ। सभी ने मिलकर हवन में आहूति दी। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार देवों के देव महादेव पूजन के लिए श्रावण मास शुभ होता है, वैसे ही महाशिवरात्रि महादेव का दिन है। इस दिन सच्चे मन से उनकी उपासना करने से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। आगे कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। इनमें यह भी है कि महाशिवरात्रि की रात फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था।

# शादियों के सीजन से सराफा को मिली ऑक्सीजन


## पटरी पर 70 फीसदी कारोबार : सोने-चांदी के रोज रिकॉर्डतोड़ बदलते दाम से 80 फीसदी कारोबार हो गया था चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

शादियों का सीजन प्रारंभ होने के कारण सराफा बाजार को ऑक्सीजन मिल गई है। अब सराफा बाजार में वापस रौनक लौट आई है। कुछ समय पहले सोने और चांदी के दाम बहुत ज्यादा होने के कारण निवेशक तो लगातार खरीदारी कर रहे थे, लेकिन आम ग्राहक पूरी तरह से सराफा बाजार से दूर हो गए थे। ऐसा होने से सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई थी। 80 फीसदी से ज्यादा कारोबार चौपट हो गया था। अब 70 फीसदी कारोबार तो होने लगा है, लेकिन अब भी 30 फीसदी कारोबार प्रभावित है। कारोबार के सौ फीसदी वापस पटरी पर आने के आसार बिलकुल नहीं हैं, क्योंकि सोने और चांदी की कीमत अब भी लगातार कम ज्यादा हो रही है।

फरवरी से शादियों का सीजन प्रारंभ हो गया है। ऐसे में जिनके परिवार में शादी है, वो सोने और चांदी के जेवरों की खरीदारी करने के लिए बाजार में आने लगे हैं। हालांकि खरीदारी का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। शादियों के लिए जो ग्राहक अपने बजट में पहले 5 से 10 तोले के सोने के जेवर लेते थे, उनकी खरीदारी अब दो से तीन तोले पर आ गई है। एक-दो तोले की खरीदारी करने वाले खरीदारी ही नहीं कर पा रहे हैं। जिनके पास 50 हजार से एक लाख का बजट है, उनको तो एक तोले के जेवर भी नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे ग्राहक अब कम कैरेट वाले जेवरों की तरफ जा रहे हैं। चांदी के जेवर बेचने वालों ने तो बड़ी और मोटी 10 से 15 तोले की पायलों को बंद करके रख दिया है। इनकी खरीदारी नहीं हो रही है। अब बहुत पतली एक दो तोले की पायल ही बिक रही है। इसी के साथ बिछिया भी कम ग्राम वाली ही बिक रही है। छत्तीसगढ़ में चांदी के करधन की बहुत मांग रहती है। इसका वजन अब 20 से 25 फीसदी पर आ गया है। 10 से 20 तोले तक वाला करधन अब चार से पांच तोले पर आ गया है।




### सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केन्द्रीय बजट 2026-2027 को लेकर सराफा व्यवसाय को लेकर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को प्रेषित सुझाव में रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी जो वर्तमान में 6 प्रतिशत है, उसे समाप्त करने की मांग की है।

- रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भेजा बजट के लिए सुझाव

श्री मालू ने सुझाव देते हुए कहा, सोने और चांदी के भाव में अत्यधिक उतार-चढ़ाव चल रहा है। इससे आम उपभोक्ता में असमंजस की स्थिति है। हर शहर में भाव अलग-अलग है। जिस प्रकार



पूरे देश में हाल मार्किंग जेवर का विक्रय अनिवार्य किया है किंतु हॉल मार्किंग सेंटरों की उपलब्धता कम है। यदि हाल मार्किंग केंद्र खोलने में सब्सिडी दी जाती है तो पूरे देश में हाल मार्किंग सेंटर प्रत्येक जिले में स्थापित होने की संभावना है। वर्तमान में देश में सोने एवं चांदी के निर्माण करने वाले कारीगरों की स्थिति सही नहीं है इन्हें स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध किया जाए। साथ ही देश के सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में जेम्स एवं

### अब आम खरीदारी अब भी बंद

सराफा कारोबारियों का कहना है कि भले शादियों के लिए खरीदारी हो रही है, लेकिन आम खरीदारी पूरी तरह से अब भी बंद है। पहले जब सोने और चांदी के दाम कम रहते थे तो आम ग्राहकों की खरीदारी रोज होती थी। जिनके पास भी कुछ बचत होती थी वो छोटे सोने और चांदी के जेवर ले लेते थे। कोई पांच हजार की खरीदारी कर लेता तो कोई 25 हजार की भी खरीदारी कर लेता था। यह आम बात थी, लेकिन अब इस तरह की खरीदारी पूरी तरह से बंद हो गई है। अब महज जरूरत की खरीदारी ही हो रही है।

### कुछ कीमत कम होने से भी राहत

सोने के दाम तो ज्यादा कम नहीं हुए हैं, लेकिन चांदी के दाम कम होने से थोड़ी सी राहत है। चांदी के दाम तो चार लाख के पार चले गए थे, लेकिन इस समय चांदी के दाम डाई लाख से थोड़े से ज्यादा हैं। इसी के साथ सोना 24 कैरेट का सोना 160000 दस ग्राम है। वैसे सोना भी पौने दो लाख रुपए के पार हो गया था।

### शादियों की हो रही खरीदारी

सराफा कारोबारी हरख मालू का कहना है शादियों के लिए ग्राहक खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। अब तो सोने और चांदी के दाम भी पहले से कम हो गए हैं, इसके कारण भी खरीदारी हो रही है। चांदी के जेवरों के थोक कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक शादियों के सीजन से बाजार में उठाव आ गया है। कुछ समय पहले तो बाजार की स्थिति खराब हो गई थी। अभी जब तक शादियों का सीजन है, तब तक तो कम से कम बाजार में रौनक रहने की संभावना है।

# वृन्दावन विद्यालय के अमन नमन व प्रवीण का इन्टैक छत्तीसगढ़ ने किया सम्मान



**महासमुंद।** राष्ट्रीय विरासत क्विज प्रतियोगिता दिल्ली में पांचवाँ रेंक हासिल करने पर 15 फरवरी 2025 को रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित राज्य सम्मेलन में स्थानीय वृन्दावन विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्रद्वय अमन यादव व नमन साहू के साथ ही प्रभारी शिक्षक प्रवीण साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्टैक के राज्य संयोजक अरविन्द मिश्र थे। उन्होंने कहा कि वृन्दावन विद्यालय के दोनों होनहार छात्र महासमुंद व राज्य चैप्टर से प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए थे। विगत 15 व 16 दिसम्बर 2025 को इन्टैक केन्द्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में पूरे देश से 24 राज्यों के प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें अमन यादव व नमन साहू की टीम ने 5 वाँ रेंक हासिल किया, जो छत्तीसगढ़ के लिए बडे गर्व की बात है। निश्चित ही दोनों छात्र व प्रभारी शिक्षक प्रवीण साहू का सम्मान करते हुए हम गौरव का अनुभव कर रहे हैं। अमन, नमन और शिक्षक प्रवीण साहू ने प्रतियोगिता संबंधी अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को मंच से साझा किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि सतीश अग्रवाल, प्रो. आरके तिवारी, सुनील बघेल, शिवी जोशी, डॉ.लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा व पूरे छत्तीसगढ़ के विभिन्न अध्यायों के कन्विनर, को-कन्विनर व सदस्यगण उपस्थित रहे।

इनके सम्मानित होने पर कन्विनर दाऊलाल चन्द्राकर, यशवंत चौधरी,को-कन्विनर राजेश्वर खरे,समस्त सदस्यगण, वृन्दावन विद्यालय के चेयरमैन एमआर विश्वनाथन, डायरेक्टर सुजाता विश्वनाथन, डायेक्टर विनीथ विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदू मिश्रा, शिक्षिका अमृता चन्द्राकर, जागृति साहू, होमेश साहू, रिंकी कुर्रे, दीपशिखा गायकवाड़ आदि ने हर्ष जताया है।

# राजधानी को सफाई में नंबर वन बनाने क्लीन सिटी का टास्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 में रायपुर शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने नगर निगम ने प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन-3 की कमिश्नर प्रीति सिंह ने इसी सिलसिले में शंकर नगर स्थित कार्यालय में स्वच्छता रैंकिंग की तैयारी को लेकर बैठक ली, जिसमें जोन-3 के सभी 7 वार्डों में साफ-सफाई की पुख्ता तैयारी करने अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जोन कमिश्नर ने निगम अमले को क्लीन सिटी का टास्क दिया। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य करने कहा गया।

### सरदार पटेल वार्ड में स्वच्छता जागरूकता अभियान

मार्च माह में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम रायपुर शहर का सर्वे करने के सिलसिले में शहर आ रही है। इससे पूर्व नगर निगम प्रशासन ने जोन-7 के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में सघन स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर डस्टबिन में सफाई कर्मचारियों को देने का संकल्प दिलाया। शहर को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग सुधार के लिए घरेलू स्तर पर गीला और सूखा कचरा अलग करना अनिवार्य है। इस अभियान में से न केवल शहर की स्वच्छता का स्तर सुधरेगा, बल्कि बीमारियों के फैलाव में कमी आएगी और कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। नगर निगम जोन-7 की टीम ने गत दिनों वार्ड पार्षद दीप-मनीराम साहू और जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा के नेतृत्व में घरों व दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देने समझाइश दी। सफाई एजेंसी रामकी के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर टीम ने समझाया कि सेनेटरी कचरे और घरेलू खतरनाक कचरे को सामान्य कूड़े से अलग रखना क्यों जरूरी है। अभियान के दौरान वार्ड के नागरिकों को स्वच्छता जागरूकता के पर्चे बांटे गए।

# गर्मी में बढ़ेगी बिजली की खपत 7000 मेगावाट के पार जाएगी मांग

**बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश में इस बार गर्मी में बिजली की खपत का पारा आसमान पर जाने के पूरे आसार हैं। बीते साल खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी। इस बार खपत के सात हजार मेगावाट के पार जाने की पूरी संभावना है।

इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था कर रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है। गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है। यह बात अलग है कि ऐन समय में अगर कंपनी के किसी संयंत्र में खराबी आ गई और वह बंद हो गया तो जरूर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है। ऐसे में जरूर कटौती करनी पड़ सकती है। इस बार अभी गर्मी का आगाज नहीं हुआ है। संभावना है कि होली के बाद पारा जब और चढ़ेगा तो खपत भी बढ़ने लगेगी। बीते साल मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जाने के कारण पूरे देश में बिजली की खपत बढ़ी थी और अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई थी।इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। अभी खपत 58 से 59 सौ मेगावाट हो रही है।

### खपत का बनेगा नया रिकॉर्ड

इस बार गर्मी में जरूर खपत का नया रिकॉर्ड बनेगा। हो सकता है कि मार्च में भी बीते साल का रिकॉर्ड टूट जाए। मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी बीते साल हुई थी। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। 17 मार्च को पीक आवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई थी। इस बार मार्च का आगाज होने पर मालूम होगा कि पारा कहां तक जाता है। उसके हिसाब से खपत भी होगी। लेकिन यह बात तय है कि इस बार मई-जून में जरूर खपत सात हजार मेगावाट के पार होगी।

# वृंदावन विद्यालय में विद्यार्थियों ने की श्रीफल भेंटकर माता-पिता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मिडियम हाईस्कूल में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कतज्ञता के संस्कारों को सुदढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंम्भ संत प्रफुल्ल भाई व तामेश्वर साहू, संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, डायरेक्टर विनीथ विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदू मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चन्द्राकर, वर्षा चन्द्राकर द्वारा मां सरस्वती व भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना से की गई।

पश्चात संत प्रफुल्ल भाई व तामेश्वर का स्वागत भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर, माल्यार्पण व श्रीफल भेंटकर पूजन वंदन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में संत प्रफुल्ल भाई व तामेश्वर द्वारा मातृ-पितृ पूजन का महत्व व जन्मदाता माता-पिता को जीवन में सर्वोपरि रखने एवं सदैव उनका सम्मान करने की सीख दी। उनके मुखारविंद व मंत्रोच्चारण से विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक लगाकर पुष्पहार व श्रीफल द्वारा आरती पूजन कर परिक्रमा की और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालक एमआर विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण के बजाए मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाकर बच्चों को भारतीय संस्कृति की सुदढ़ नींव व माता-पिता और उनके बच्चों के बीच आदर, प्रेम व सम्मान का उत्सव बताया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने माता-पिता को ही प्रथम गुरू और ईश्वर का साक्षात रूप बतलाते हुए कहा कि- माता-पिता ही हैं, जो ईश्वर के आशीर्वाद के रूप में हमारे पास सदैव रहते हैं। डायरेक्टर विनीथ विश्वनाथन ने विद्यालय में इस अनूठी पहल की सराहना की और बच्चों के चरित्र निर्माण के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य इंदू मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी, ऊपर से नीचे तक कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर सरकारी नौकरी करने के मामले में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की पिछले दिनों हुई बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक इन मामलों में प्रथम श्रेणी के पद पर काम करने वाले अधिकारी समेत द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के चपरासी पद पर काम करने वाले कर्मियों पर शिकंजा कस सकता है। ऐसे मामलों में जल्द ही आदेश जारी हो सकता है।

राज्य में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने के कई मामले अलग-अलग स्तरों पर चल रहे हैं। यहां अन्य वर्गों के लोग एससी या एसटी के प्रमाण पत्र बनवाकर या तो सरकारी नौकरी कर रहे हैं या इसी तरह के प्रमाण पत्र के दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों स्थितियों में ये लोग आरक्षित वर्गों के लोगों के संवैधानिक अधिकारों का घनघोर उल्लंघन कर रहे हैं। इस तरह के मामलों की जांच पड़ताल के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का गठन किया गया है। यह समिति नियमित अंतराल में बैठकें करके जाति प्रमाण पत्र संबंधी मामलों की सुनवाई करती है।

- उच्चस्तरीय छानबीन प्रमाणीकरण समिति की बैठक
- सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई भी




### पांच लोगों को सुनवाई का अंतिम अवसर

उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने 5 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होकर अपनी जाति के संबंध में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एक प्रकरण में विजिलेंस टीम को दुबारा मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं 5 प्रकरणों में पक्षकार अनुपस्थित रहे।

### छह मामलों में जारी होगा आदेश

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में गुरुवार को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक में 17 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 12 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। 6 प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में सूत्रों के मुताबिक जिन मामलों में आदेश जारी होने की बात कही जा रही है, उनमें प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के कर्मी शामिल हैं। जाति प्रमाण पत्रों की जांच का मामला अत्यंत गोपनीय एवं संवेदनशील होने के कारण फिलहाल इसका ब्योरा नहीं दिया जा रहा है। बताया गया है कि पिछली सुनवाई में एक मामले में फिलहाल विजिलेंस जांच और सोशल स्टेटस की जांच नहीं की गई है। इसी जांच के दौरान 1950 के रिकार्ड भी देखे जाते हैं, इसके बाद निर्णय होते हैं।

### फर्जी प्रमाण पत्रों का बड़ा खेल

इधर राज्य गठन के समय से लेकर अब तक फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने के डेढ़ सौ के करीब मामले सामने आने की जानकारी सूत्रों ने दी है। कहा जा रहा है कि हाल ही में बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र में ओबीसी समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में बैगा जनजाति का प्रमाण पत्र बनवा लिया है। इसी तरह फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने वाले के मामले भी चल रहे हैं। कई लोग अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर इन वर्गों के लोगों के अधिकारों पर डाका डाल रहे हैं। इन्हीं कारणों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उच्च स्तरीय छानबीन समिति काम कर रही है, ताकि यह फर्जीवाड़ा करने वाले बेनकाब हो सकें।

## 4 साल में भी नहीं मिलीं आम जनता को घर बैठे आपात सेवाएं

रायपुर। राजधानीवासियों को नगर निगम द्वारा घरों के बाहर लगाई गई डिजिटल नंबर प्लेट से तत्काल मदद, पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सेवाएं 4 साल बाद भी नहीं जुड़ पाई हैं। जबकि आपात स्थिति में नागरिक सेवाओं को 12 डिजिट के डोर नंबर से सीधे कनेक्ट करने की योजना थी। संकट के समय शहर का कोई भी नागरिक घर बैठे अपने घर के सामने लगी डिजिटल नंबर प्लेट को स्कैन कर तत्काल निशुल्क इन सेवाओं को लाभ ले सकता था। निगम के आईटी सेल का कहना है, हमने संबंधित विभाग को इन आपात सेवाओं को डिजिटल नंबर प्लेट के साथ जोड़ने 4 बार चिट्ठी लिखी। अधिकारियों से जाकर मुलाकात भी की, इसके बाद ये सेवाएं एकीकृत नहीं हो पाईं।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ

एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज



डॉ. गंगाधर आत्राम
MBBS, MS, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ग्राम मुड़पार में महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र की प्रगति व सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक यादव ने ग्रामवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई भी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नूतन पटेल, बलदाउ निहाल, तिलक सिन्हा, दामोदर पटेल, जनक दीवान, मानसिंह टांडे, खामसिंग, डी कुमार चौरे, राजू निहाल, संतोष पटेल, उत्तम राणा, दीनदयाल दीवान, पोखन महानंद, देवलाल पटेल, नारायण निहाल, लेखमणी पटेल, टेकराम पटेल आदि मौजूद थे।

### पुलवामा में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में फरवरी 14 को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ (सीआरपीएफ) जवानों को याद किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में शहीदों का कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य एवं अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्राकर ने कहा कि सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने वीर शहीदों के बलिदान को याद किया गया। जिसमें अमर वीर शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मांग : राज्य में संस्कृत की दुर्दशा पर चर्चा कर पाठ्यक्रम से इसे हटाने का लगाया आरोप

# छग संस्कृत शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रतिनिधमंडल ने प्रदेश में संस्कृत विषय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर इसे बचाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 6वीं से 10वीं तक सभी कक्षाओं से इसे साजिश के तहत हटाया जा रहा है। चर्चा के दौरान विधायक यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि संस्कृत हमारे धर्म ग्रंथों की आत्मा है। इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

संस्कृत विषय बचाओ अभियान के तहत छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे उनके बागबाहरा निवास पर भेंट की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू, नरेश विश्वकर्मा, डॉ. नारायण साहू, रामकुमार भट्ट, शंकर लाल साहू, मनोज कुमार वर्मा, यशोदा चौहान, जयलाल गिरि और जीवनलाल साहू ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक सचिवालय स्तर पर इसे हटाया जा रहा है। इससे अवगत कराकर संस्कृत को पूर्व की भांति हरियाणा राज्य की तर्ज पर अनिवार्य विषय करने और संस्कृत के विकल्प के रुप में लागू की जा रही नवीन व्यावसायिक शिक्षा को सातवें विषय के रुप में स्थान देने के लिए मांग पत्र भेजा गया है।

पदाधिकारियों ने बताया कि अपनी मांग को लेकर अब तक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, सचिव सहायक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम तथा मंत्रियों, स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष, विधायकों, कलेक्टरों को यह मांग पत्र सौंपा जा चुका है। जिसमें बताया



गया है कि सचिवालय स्तर पर बिना किसी लिखित आदेश के संस्कृत विषय के स्थान पर नवीन व्यावसायिक शिक्षा मौखिक निर्देशों पर ही लागू की जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी संस्कृत भाषा को अध्ययन एवं व्यवहार में अपनाने के लिए निरंतर अपील की जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा विद्यालयों में किसी विषय को नुकसान पहुँचाए बिना सिर्फ ट्रेड शुरु करने कहा गया है। लेकिन, छत्तीसगढ़ में संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला भाषा में अध्ययनरत छात्र इसे छोड़कर प्राचार्य और अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम में जा रहे हैं। संस्कृत, बांग्ला, हिंदी भारतीय संविधान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त आठवीं अनुसूची की भाषा है। इस भाषा का अपमान और उल्लंघन असंवैधानिक है तथा अनुच्छेद 351 आठवीं अनुसूची की भाषाओं के सम्मान के लिए बनाया गया है। यह भारतीय ज्ञान, परंपरा, संस्कृति, सभ्यता और संस्कार परक राष्ट्रभाषा है। एक तरफ पूरा विश्व संस्कृत भाषा के महत्व को अपनाते हुये अपने देश के विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में संस्कृत भाषा को अनिवार्य कर रहे है। वहीं, अपने ही देश, प्रदेश में इसे पाठ्यक्रम से हटाने के लिए महाषडंयत्र चल रहा है।

### अनिवार्य करने के निर्देश का नहीं हुआ पालन

उन्होंने बताया कि 07 सितंबर 2025 को सरयू पारिण भवन मठपुरैना में आयोजित विराट संस्कृत विद्वत सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी मांग पत्र सौंपा गया था। 25 अगस्त 2025 को शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में एससीईआरटी रायपुर को कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के लिए निर्देशित भी किया गया। परंतु, उस निर्देश पर क्रियान्वयन आज तक नहीं किया गया। इतना ही नहीं हाईस्कूलों में दस-बारह वर्षों से पदस्थ संस्कृत विषय एकल शिक्षकों को अतिशेष अथवा पद रिक्त नहीं है कहकर एकतरफा स्थानांतरित कर अधिकारी के द्वारा छात्रों के अध्ययन अध्यापन को भी बाधित किया जा रहा है।

### छुरिया में शाकंभरी देवी पूजा कल, लोचन होंगे शामिल

**नर्रा।** जिला राजनांदगांव के छुरिया



नगर पंचायत के कालेज मैदान परिसर में 18 फरवरी बुधवार को आयोजित मां भगवती शाकम्भरी देवी पूजा के लिए आचार्य का दायित्व के निर्वहन एवं यज्ञीय विधि विधान से पूजा कराने के लिए मां भगवती शाकम्भरी देवी पूजा महोत्सव आयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक एवं संयोजक व जनपद सदस्य नर्रा लोचन पटेल को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम छुरिया राज मरार समाज द्वारा आयोजित है। जिसमें शाकंभरी महोत्सव कलश यात्रा, एक कुण्डीय शाकम्भरी यज्ञ, महाआरती होगी। पश्चात वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में भी अति विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छग शासन होंगे। अध्यक्षता नैन सिंह पटेल जिलाध्यक्ष जिला मरार समाज राजनादगांव करेंगे। वही कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जन प्रतिनिधियों एवं मरार समाज के राज अध्यक्षगण होंगे।

## खल्लारी आंगनबाडी केन्द्र में मनाया वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 03 खल्लारी में वजन त्योहार मनाया गया। कुपोषण की लड़ाई के लिए आंगनबाडी केन्द्र में 0 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन और उंचाई मापा गया। साथ ही गर्भवती, शिशुवती व किशोरी, बालिकाओं का एनिमिया जांच भी किया गया।

बता दें कि यह आयोजन आंगनबांडी केन्द्रों में सोमवार 9 फरवरी से शुरू हुई है, जो बुधवार 18 फरवरी तक चलेगा। जिसके तहत क्षेत्र के आंगनबाडी केन्द्रों में भी सभी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार कुपोषण को दूर कर सुपोषित करने के बारे में आयोजन कर विभिन्न जानकारियों को स्थानीयजनों को



बताया जा रहा है। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बागबाहरा के अंतर्गत भीमखोज सेक्टर के आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 03 खल्लारी में विभाग के परियोजना अधिकारी व सेक्टर के पर्यवेक्षक ने इस दौरान पोषण आहार को लेकर उपस्थित सभी वर्गों के लोगों को विभिन्न जानकारी देते हुए शरीर को स्वस्थ रखने योग्य खानपन सम्बंधित विशेष सेवन करने का सलाह दी गई। बागबाहरा परियोजना अधिकारी मनीषा साहू ने बताया कि एनीमिया शरीर में आयरन की कमी से होता है और इससे बचने के लिए हमें आयरन युक्ता खाद्य पदार्थ हरी पत्तेदार सब्जियां जिनमें मुनंगा, भाजी, पालक भाजी आदि का प्रमुखता से उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा चना, मुंग, गुड़ का भी सेवन जरूरी है। साथ ही विटामिन सी युक्त खट्टे फल खाना भी आवश्यक है। ताकी शरीर को आयरन मिल सके। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने भी अनेक जानकारी दी। इस मौके पर बागबाहरा परियोजना अधिकारी मनीषा साहू, सेक्टर के पर्यवेक्षक सीमा नायक, स्वास्थ्य विभाग से मीना सोनवानी, अमृता नेताम, तुलसी परमार, आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 03 खल्लारी के कार्यकर्ता चुन्नी साहू, रैताल आंगनबाडी कार्यकर्ता मालती पटेल, सहायिका सत्यवती यादव, मितानिन पार्वती ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों को सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध नहीं कराना सरकार की दुर्भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार पर दुर्भावना पूर्वक कार्य करते हुए आत्मानंद स्कूल के संसाधनों व सुविधाओं में कटौती का आरोप लगाया है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों को बिना किसी खर्च के निजी स्कूलों जैसी उच्च गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान करना था। पूर्व सीएम बघेल की मंशा थी कि इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के बच्चों को समान अवसर देकर, उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जा सक। जिसके परिणाम स्वरूप पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने टाप 10 में स्थान बनाया था। लेकिन, जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी, शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। पिछले 2 साल के कार्यकाल में भाजपा ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों को बदहाल कर दिया।



चंद्राकर ने कहा कि इन स्कूलों में आज स्थिति ऐसी है कि न पर्याप्त फंड उपलब्ध कराया जा रहा है और न योग्य शिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं। इसके अलावा बुनियादी संसाधन कुर्सी, टेबल, लैब सामग्री, ड्रेस भी समय पर नहीं मिल पा रहे हैं। पहले प्रति स्कूल 5 से 6 लाख रुपए फंड जारी हुआ करता था, उसे घटाकर अब 2 लाख रुपए से भी कम कर दिया गया है। यह भाजपा सरकार की दुर्भावना का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर सरकार ने सरकारी स्कूलों की मूलभूत ढांचे को बिगाड़कर उनके अस्तित्व को खतरे में डालने का काम किया है।

## कमरौद में राज्य स्तरीय मानस गान का आयोजन

**खल्लारी।** समीपस्थ आदर्श ग्राम कमरौद में आयोजित तीन दिवसीय मानस गान ने पूरे गांव समेत क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की पावन कथा का निरंतर बखान हुआ। श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का अनुपम संगम आदर्श ग्राम कमरौद में देखने को मिला। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान गांव में खेती किसानी के कार्यों को बंद रखा गया था। ताकि, सभी ग्रामवासी रामचरित मानस गाथा भजन को सुन सके। तीन दिवसीय राम चरित्र मानस गान में जिले के अलावा प्रदेश के हरि आराधना मानस परिवार संबलपुर, सुर समागम मानस परिवार कांकेर, ॐ आदित्य मानस परिवार रिसाली दुर्ग, भूमिजा मानस परिवार गुड़यारी रायपुर, राजहंस मानस परिवार अम्बागढ़ चौकी समेत दर्जनों मानस मंडलियों ने भी हिस्सा लिया। आयोजन में जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ, वेणु साहू सरपंच कमरौद, लक्ष्मण साहू पूर्व जिलाध्यक्ष साहू समाज, पवन चंद्राकर संचालक मधुरिमा मानस मंडली, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भुवन साहू, तेज राम साहू, चमन लाल साहू, मोहन कुलदीप, भूषण नामदेव, हेमंत साहू, द्वारिका साहू, यादराम पटेल, प्रेमलाल साहू, खेमराज सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, लोकेश साहू, नीलकंठ पटेल, नंदकुमार ठाकुर, नरेश सहिस, गैदराम पटेल, तुलसी कुलदीप, सुरेश सहिस समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर गाड़ा समाज ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

छत्तीसगढ़ सक्ताहा गाड़ा समाज खल्लारी ने महाशिवरात्रि के मौके पर अपने इष्ट देव भगवान भोलेनाथ का खल्लारी स्थित सामाजिक भवन में विधिवत पूजा अर्चना के साथ महाशिवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाया। इस अवसर बाजे गाजे के साथ समाज के महिला व छोटे बड़े बालिकाओं ने गांव के मुख्य मार्ग व गलियों में कलश यात्रा निकाली। जहां भगवान शिव व माता पार्वती का बारात निकाला गया। भगवान शंकर भोले बाबा के जयकारे से गांव के गली मोहल्ले गूंज उठा। इस दौरान कलश यात्रा का गांव में कई



स्वागत हुआ।

छत्तीसगढ़ सक्ताहा गाड़ा समाज खल्लारी द्वारा महाशिवरात्रि के मौके आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में प्रदेश, जिला व परिक्षेत्र के सामाजिकजनों की उपस्थिति में आयोजन सफल रहा। कलश यात्रा व पूजा अर्चना पश्चात उपस्थित लोगों को भोजन प्रसादी दी गई। अंत में समाज के अध्यक्ष राहुल कुलदीप ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सक्ताहा गाड़ा समाज के अध्यक्ष राहुल कुलदीप, उपाध्यक्ष विश्राम मरकाम, सचिव कुलेश्वर भारती, सहसचिव तेजराम तांडी, कोषाध्यक्ष पंचराम चौहान, यशवंत चौहान, रैनुलाल, रामेश्वर, हेमचंद, प्रेमसागर, लीलाधर, श्यामलाल, लखनलाल, ओनास, राजकुमार, पदुम, हारक राम, कन्हैया लाल, छगन, पुनितराम, गौतम, मेघराज, ओलूराम, स्वदेश चौहान, तुलसीराम चौहान, मितेश, प्रियांश, गोमेश्वरी कुलदीप, आमना बघेल, सकुन्ती, सेवती बाई, पार्वती बाई, शेखर भाई, दुर्गा चौहान, पूजा चौहान, राजेश्वरी, बृजबाई, संजना, अंजली, राधा भारती, सुनीता, पुनिया, रूपेश्वरी, फूलबाई, नोमेश्वरी, त्रिवेणी, राधिका, धनमत, शेखर बाई, पुष्प बाई आदि



### मंदिर में मूर्ति व कलश स्थापना के साथ हुआ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में महाशिवरात्रि पर्व पर पुनर्निर्माण मन्दिर में मूर्ति व कलश स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ। पूजा स्थल पर हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। सर्वप्रथम मन्दिर में ध्वजारोहण किया गया। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने विधिविधान से पुनर्निर्माण मंदिर में कलश स्थापना और भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ से कराई। शिवलिंग को श्रृंगार से सजाकर भक्तों ने चारो ओर प्रतिक्रमा कर ओम नमः शिवाय का जाप व गंगाजल, पंचामृत, मक्खन से अभिषेक कर बेलपत्र अर्पित किया। महाआरती के बाद श्रध्दालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया। शिवालय में जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर शिव भक्त गोवर्धन चन्द्राकर, रवि चन्द्राकर, रमेश चक्रधारी, नरसिंग यादव, सन्तोष साहू, बलराम पटेल, व्यास चन्द्राकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत नांदगांव में नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित 8 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र की अनेक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

फाइनल मुकाबला साल्हेभाठा और नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर साल्हेभाठा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 36 रन बनाए और पूरी टीम ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए नांदगांव ब्लास्टर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट टीम को ट्रॉफी सहित 15,001 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। उपविजेता साल्हे भाठा टीम को 10,001 रुपए, जबकि तृतीय पुरस्कार के रूप में खरोरा टीम को 5,001 रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि क्षेत्र क्रमांक 7 की जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े (बबली) तथा जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नांदगांव के गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई त्रिमूर्ति शिव जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महाशिवरात्रि पर्व पर अंतराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इस वर्ष 90वां त्रिमूर्ति शिव जयंती पूरे देश विदेश में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा में भी ब्रम्हा कुमारी बहने और पूरा ईश्वरीय परिवार एकत्रित हुए। सेवाकेंद्र की सजावट कर अलौकिक रूप दिया गया। ब्रम्हा कुमारी बहने और पूरा ईश्वरीय ने मिलकर शिव ध्वजारोहण किया। केक काटा और ध्वज तले सदा पिता परमात्मा शिव बाबा के मत पर आजीवन चलने, आसुरी अवगुणों का त्याग करने और दैवी गुणों का श्रृंगार करने की दृढ़ प्रतिज्ञा ली। ब्रम्हा कुमारी सुषमा बहन ने इस पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को गहराई से बताते हुए कहा कि जब सृष्टि पर धर्म की ग्लानि और अज्ञानता चरम पर होती है (कलयुग के अन्त में) तब विश्व परिवर्तन के लिए निराकार ज्योति स्वरूप शिव परमात्मा का अवतरण होता है और प्रजापिता ब्रह्मा का साधारण तन का आधार लेकर मनुष्य आत्माओं को विकारों से मुक्त कर मुक्ति और जीवन-मुक्त का वरदान देते हैं और नई सृष्टि की स्थापना का कार्य करते हैं। शिवरात्रि का अर्थ ज्ञान की रात्रि। जिसमें आत्मिक जागृति का सन्देश



दिया जाता है और विकारों पर विजय पाने का संकल्प लिया जाता है। इस पर्व पर जागरण का अर्थ होता है। अज्ञानता के नींद से जागना और उपवास रखने का अर्थ केवल भोजन का त्याग नहीं अपितु अपनी बुद्धि को विकारों से हटा कर शिव पिता से जोड़ना, तब जाकर सही मायनों में सच्ची शिवरात्रि कहलाएगी। ब्रम्हा कुमारी भाई बहने शिव ध्वज लेकर शिव के मन्दिरों में पहुंच कर भक्तों और श्रद्धालुओं को शिव अवतरण का सन्देश दिया।



### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाय गया मातृ-पितृ दिवस

**महासमुंद।** स्थानीय गुड शेफर्ड स्कूल में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता-पिता को उनके बच्चों द्वारा श्रीफल भेंटकर सम्मानित करने के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एम निवास राव ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि माता-पिता ही बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं, जिनके संस्कार और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नृत्य तथा नाटिका की प्रस्तुति दी। लुकस कंवर के निर्देशन में सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट पर प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया। यास्मीन बेगम एवं प्रेरणा साहू के सम्मिलित निर्देशन में लाकडाउन के दौरान छात्र, पालक एवं शिक्षक मजबूत संबंध को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रीति ठाकुर के निर्देशन में बहुत ही मनोरंजक एवं प्रेरणा से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा छठवीं की श्रेया दुबे द्वारा भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया गया। पालक आफरीन अंजुम ने कहा कि जहां लोग वेलेंटाइन डे जैसे पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण करते हैं, वहां गुड शेफर्ड स्कूल में मातृ-पितृ दिवस आयोजन कर भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने का अनमोल पहल किया है। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं की मीनम फातिमा एवं समृद्धि ने संयुक्त रूप से किया।

